पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज.)

वेबसाईटः www.shekhauni.ac.in ई–मेलः reg.shekhauni@gmail.com

क्रमांकः– 27857 दिनांकः– 04-12-2024

प्राचार्य / सचिव
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय
जिला– सीकर, झुन्झुनू, नीमकाथाना।

विषयः– राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 पर आयोजित दो दिवसीय (13–14 दिसम्बर, 2024) कार्यशाला में सहभागिता।

महोदय,

विश्वविद्यालय परिसर में दिनांक 13–14 दिसम्बर, 2024 को **"राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020: क्रियान्वयन और चुनौतियाँ"** विषयक दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का उद्घाटन समारोह दिनांक 13 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 11.15 बजे आयोजित होगी, जिसकी गरिमामयी सारस्वत अध्यक्षता करने के लिए **माननीय श्रीयुत् हरिभाऊ किसनराव बागड़े महामहिम राज्यपाल राजस्थान से अनुरोध किया गया है। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि माननीय डॉ. अतुल कोठारी जी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली**, एवं **विशिष्ट अतिथि डॉ. ओम प्रकाश बैरवा (आई.ए.एस.) आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान,** होंगे।

इस कार्यशाला के विभिन्न तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के सभी पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत चर्चा होगी। अपेक्षा है हमारी समस्त शंकाओं का समाधान होगा। कार्यशाला में उदघाटन एवं समापन समारोह के अतिरिक्त चार तकनीकी सत्रों का आयोजन एवं दोनों दिवसों में दोपहर को भोजन व सांय अल्पाहार की व्यवस्था रहेगी।

अतः सक्षम स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार प्रत्येक महाविद्यालय से प्राचार्य के साथ एक वरीष्ठ संकाय सदस्य इस कार्यशाला में अनिवार्य रूप से सहभागी रहें, तांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के इस मिशन को अपेक्षा अनुसार गति प्रदान की जा सके। प्रतिभागियों को कार्यशाला में भाग लेने का प्रमाण पत्र दिया जायेगा।

कार्यशाला में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन / सहयोग शुल्क इस प्रकार है।

1. संस्थागत स्तर– 600 रूपये, प्रति प्रतिभागी (प्रत्येक संस्था से केवल दो प्रतिभागी)
2. व्यक्तिगत स्तर– 700 रूपये प्रति प्रतिभागी
3. शोधार्थी– 400 रूपये प्रति शोधार्थी

आपको इस पत्र के साथ एक गूगल लिंक / बार कोड़ भेजा जा रहा है। इस लिंक को 09.12.2024 **तक भरकर अपना पंजीयन करवान सुनिश्चित करावें।**

https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdYIw9uMzZfC7Pr3GjS3s6Lyj1yN8OYj4Sbmt_nhgIPmTAxOg/viewform?usp=pp_url

SCAN ME

उपकुलसचिव(शैक्षणिक)

क्रमांकः 27858 - 860 दिनांकः 04-12-2024

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. कुलपति सचिवालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर।
2. कुलसचिव कार्यालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर।
3. वित्त नियंत्रक, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर।
4. रक्षित पत्रावली।

उपकुलसचिव(शैक्षणिक)